राष्ट्रीय लोक अदालत बैंच संख्या :– 11, रायसिंहनगर
(न्यायालयः– अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, रायसिंहनगर)
जिला अनूपगढ़ न्यायक्षेत्र श्रीगंगानगर

अर्जुन राम आदि बनाम सरकार
वाद सं. 05/2024 जी.सी.एम.एस. 2024/28
अन्तर्गत 251 क आरटीएक्ट

13.07.2024

माननीय अध्यक्ष महोदय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (माननीय जिला एवं सेशन न्यायाधीश), श्रीगंगानगर द्वारा आदेश क्रमांक/एनएलए/2024/46 दिनांक 10.07.2024 के द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु गठित की गई बैंच सं. 11 के समक्ष न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, रायसिंहनगर द्वारा प्रकरण लोक अदालत में रैफर किये जाने के परिणामस्वरूप आज यह पत्रावली लोक अदालत बैंच के समक्ष पेश हुई।

प्रकरण में वकील प्रार्थी अर्जनराम, कालूराम, दौलतराम, रामप्रताप , हनुमान पि. हीराराम , रामेश्वर, शिशपाल पि. राम लाल जाति बावरीयान निवासीगण 5 एन जैड पी तहसील रायसिंहनगर द्वारा दिनांक 13.07.2024 को उपस्थित होकर शपथ पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया हैं कि पक्षकारान राजीनामा हो चुका है। सरकार की ओर से तहसीलदार रायसिहंनगर ने अपनी रिर्पोट में प्रस्तावित रास्ता स्वीकृत किये जाने की सिफारिश की हैं। अपनी खातेदारी भूमि वाके चक 5 एन जैड पी के खाता नं. 93/77 के प.न. 204/361 मु.न. 77 के कि.न. 1 ता 5 में प्रत्येक में 0.013 (दक्षिण पासा) रास्ता स्वीकृत किया जावे तो उन्हे कोई एतराज नहीं है। तहसीलदार रायसिहंनगर ने भी अभिशाषा की है। उक्त पक्षकारान की राजीनामा सहमति एवं तहसीलदार की अभिशाषां के अनुसार प्रस्तावित **चक 5 एन जैड पी के खाता नं. 93/77 के प.न. 204/361 मु.न. 77 के कि.न. 1 ता 5 में प्रत्येक में 0.013 (दक्षिण पासा) गै.मु.रा. स्वीकृत किया जाता है।** तहसीलदार रायसिंहनगर निर्णय अनुसार पालना करे। प्रकरण में आगामी कार्यवाही इसी स्तर पर ड्रोप की जाती है जिस पर उपखण्ड अधिकारी द्वारा पत्रावली राष्ट्रीय लोक अदालत बैंच को निस्तारण हेतु रैफर की हैं। चूंकि प्रकरण में अब प्रार्थीगण का राजीनामा हो चुका है निर्णय अनुसार पालना की जावें। पत्रावली राजस्व न्यायालय को लौटाई जावे। पत्रावली फैंसले में शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो।

डॉ. पवन कुमार बिश्नोई,
अति. मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट
रायसिंहनगर
(अध्यक्ष)
लोक अदालत बैंच सं. 11
अध्यक्ष
राष्ट्रीय लोक अदालत बैंच
रायसिंहनगर

अंकित मीमानी
नायब तहसीलदार मुकलावा
तहसील रायसिंहनगर।
(सदस्य)
लोक अदालत बैंच सं. 11
सदस्य
राष्ट्रीय लोक अदालत बैंच
रायसिंहनगर

Signature Not Verified

Digitally signed by Subhash Chandra
Date: 2024.07.30 18:14:29 IST
Reason: SelfAttested

AnyScanner